# लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
# (जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
# पीठासीन अधिकारी **इन्द्रजीत सिंह,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/27/2018 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 22.03.2018

श्री चतरभुज रेगर पिता किशनलाल रेगर निवासी बी–18, हुडको कॉलोनी, निम्बाहेड़ा

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

**निर्णय**

दिनांक **13.04.2018**

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 19.01.2018 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 27/2018/(12.04)/227 दिनांक 22.03.2018 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा को दिनांक 12.04.2018 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 12.04.2018 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

अपीलार्थी ने दिनांक 12.04.2018 को स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपना पक्ष रखा कि उसे आदिनांक तक भी वांछित सूचनाऐं उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः मेरे प्रार्थना पत्र अनुसार वांछित सूचना निः शुल्क दिलाने की कृपा करावें।

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा ने उक्त प्रकरण में आदिनांक तक कमेन्ट्स प्रस्तुत नहीं किए।

प्रकरण संख्या 27/2018 (सू.अ.)
श्री चतरभुज रेगर निवासी निम्बाहेड़ा बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 19.01.2018 से जे. के. सीमेंट वर्क्स को 99 वर्षीय लीज पर आवंटित भूमियों एवं वार्षिक लीज राशि वसूली संबंधित सूचना/प्रमाणित प्रतिलिपियां चाही गई, जो उसे उपलब्ध नहीं कराना खेदजनक है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा को अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जाते हैं।

(इन्द्रजीत सिंह)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र./सरिश्ता/प्र.सं./27/2018(सू.अ.)/ दिनांकः- / /2018

प्रतिलिपिः-

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदार, निम्बाहेड़ा
2. श्री चतरभुज रेगर पिता किशनलाल रेगर निवासी बी-18, हुडको कॉलोनी, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)